दैनिक जागरण 15/03/2024

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को दिए टिप्स

कार्यशाला में उपस्थिति स्टाफ व अन्य को संबोधित करते वक्ता। • सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट मे प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में करियर एंड गाइडेंस सेल और इंस्टीट्यूट फार एडवांस्ड स्टडीज पुणे के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए रणनीति एवं योजना तैयार करने के विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में रिसोर्स पर्सन के तौर पर ललित कुमार व सिद्धार्थ दैश फैकल्टी आइएफएएस (पुणे) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रभावी अध्ययन तकनीक, समय प्रबंधन कौशल और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा की इस वेबिनार के माध्यम से हम आशा करते हैं कि छात्रों को करियर संबंधित सही जानकारी मिलेगी। इस कार्यक्रम के संयोजक डा. केके पूनिया ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यो की प्राप्ति के लिए अनथक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वेबिनार की सहसंयोजक डा. नेहा अग्रवाल ने बताया कि इस वेबीनार के लिए 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया।